संदेश

मनोकामनाये पूर्ण करने के लिये सोलह दिन के व्रत में शिव-पार्वती का किया गया पूजन

राजस्थानी समाज ने इको फ्रेंडली स्वरूप का दिया संदेश

नवभारत, वारासिवनी। राजस्थानी पर्व गणगौर को लेकर इस साल भी नगर मे परपरांगत उत्साह देखा गया। राजस्थानी महिलाओ ने आज विधि विधान से 16 दिन तक शिव पार्वती के स्वरूप इसर गौरा का पूजन कर आज गांधी बाल उद्वान मे इको फेडली विसर्जन किया। गौरतलब है की यह व्रत अपनी अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जाता है।

रंगोत्सव के दिवस से शिव पार्वती की आराधना के इस पर्व का प्रारंभ होता है। विवाह के पश्चात पहली बार मायके आयी विवाहिता के द्वारा अपने अपने घर मे गणगौर की विशेष पूजा की जाती है। जिसमे राजस्थानी समाज के महिलाये भी पूजन कार्य मे शामिल होती है।

आज नगर के श्रीराम मंदिर से निकली भव्य गणगौर शोभायात्रा मे बेहद उत्साह देखा गया। पूजन करने वाली सभी महिलाओ ने न्रत्य के माध्यम से भी अपनी आराधना का परिचय कराया। इस साल नगर मे विशेष रूप से साक्षी शर्मा, राधा खंडेलवाल, क्रति खंडेलवाल व कोकल खंडेलवाल के द्वारा गणगौर की विशेष पूजा की गयी। जिसमे राजस्थानी समाज की अन्य महिलाओ ने भी पूजन कार्य मे अपनी सहभागीता प्रदान की। दूसरी ओर राजस्थानी समाज की अध्यक्ष किरण शर्मा ने बताया की समाज की बेटी होने कारण साक्षी शर्मा को उपहार से सम्मानित भी किया गया।

गौरतलब है की इस बार विसर्जन कार्य मे पर्यावरण का संदेश देते हुये इको फ्रेंडली स्वरूप मे एक विशाल टब मे प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया।ज्ञात हो की गणगौर व्रत मे विवाहित महिलाये अपने पति की लंबी आयू के लिये व्रत रखती है। वही कुवारी कन्या अपने मनपंसद वर की कामना के लिये गणगौर का पूजन करती है।

आज गणगौर की पूजा अर्चना मे राजस्थानी समाज की किरण शर्मा अध्यक्ष, संगीता अग्रवाल, भावना अग्रवाल, राधिका खंडेलवाल, चारू शर्मा, कोमल नेहा खंडेलवाल, रेखा खंडेलवाल, सरिता अग्रवाल, तुलसी शर्मा, अन्नु अग्रवाल, आशा खंडेलवाल, विमला खंडेलवाल, राखी खंडेलवाल, सीमा जोशी, माधुरी व्यास, पदमा चैहान, खुश्बू शर्मा, आरती शर्मा,रचना शर्मा, रश्मि शर्मा, नैंसी खंडेलवाल, सीमा खंडेलवाल, प्रीति शर्मा, नीतू चैहान, नेहा खंडेलवाल, शोभा खंडेलवाल, सविता खंडेलवाल, शिखा शर्मा, राधा खंडेलवाल,हर्षिता अग्रवाल आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

जिला अस्पताल की कैंटीन ने लकड़ी की भट्टी से निकाला समाधान

गैस संकट में नहीं रुकी सेवा

नवभारत, बालाघाट। समस्याएं अक्सर रास्ता रोकती हैं, लेकिन कुछ लोग इन्हीं समस्याओं में नया रास्ता खोज लेते हैं। ऐसा ही उदाहरण जिला चिकित्सालय बालाघाट की केंटीन ने पेश किया है, जहां रसोई गैस की कमी के बीच सेवा को जारी रखने के लिए एक अभिनव पहल की गई।

जिला चिकित्सालय बालाघाट की केंटीन में गैस सिलेंडर की लगातार समस्या के चलते कई बार संचालन प्रभावित हुआ। हालात ऐसे बने कि केंटीन को 4-5 दिनों तक बंद रखना पड़ा। मरीजों और उनके परिजनों को होने वाली परेशानी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप एवं सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन की सलाह पर केंटीन संचालक ने हार मानने के बजाय समाधान खोजने का निर्णय लिया।

केंटीन संचालक ने वैकल्पिक ईंधन के रूप में लकड़ी की भट्टी तैयार कर ली। इस भट्टी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें कम से कम धुआं निकलता है, जिससे पर्यावरण पर भी न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। लकड़ी आसानी से उपलब्ध होने के कारण अब केंटीन का संचालन पहले से अधिक सुचारु हो गया है। साथ ही, गैस सिलेंडर की तुलना में खर्च भी कम आ रहा है, जिससे आर्थिक बचत भी हो रही है। केंटीन संचालन में हर माह लगभग 25 कमर्सियल गैस सिलेण्डर की खपत होती थी, लेकिन अब लकडी की भट्टी का उपयोग करने से उससे कम खर्च में काम चल रहा है और बचत भी हो रही है।

जिला अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह केंटीन बेहद महत्वपूर्ण सुविधा है। केंटीन के दोबारा नियमित रूप से शुरू होने से उन्हें समय पर भोजन और चाय-नाश्ता उपलब्ध हो पा रहा है।

दूसरों के लिए बनी मिसाल

एक्सेंट कंसल्टिंग एंड केटरिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा संचालित इस केंटीन ने यह साबित कर दिया है कि संकट के समय रूकना नहीं, बल्कि समस्यास का समाधान करने विकल्प तलाशना जरूरी है। केंटीन संचालक की यह पहल अब अन्य होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों के लिए भी प्रेरणा बन रही है, जो गैस की समस्या के दौरान वैकल्पिक ईंधन अपनाकर अपने व्यवसाय को निरंतर चला सकते हैं। यह कहानी बताती है कि चुनौतियां चाहे कितनी भी बड़ी हों, यदि सोच सकारात्मक हो तो हर समस्या का समाधान संभव है।

पीजी कॉलेज में रोजगार एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

नवभारत, बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के अंग्रेजी विभाग द्वारा 'रोजगार और व्यक्तित्व विकास में अंग्रेजी की भूमिका' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं प्रोफेसर डॉ. अमर सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने सफलता के मूल मंत्र, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महाभारत के उदाहरण के माध्यम से अर्जुन की एकाग्रता को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

डॉ. अमर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वाध्याय, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को समझाते हुए बताया कि ये गुण जीवन में सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने अंग्रेजी विषय में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों जैसे अध्यापन, पत्रकारिता, अनुवाद और स्क्रिप्ट लेखन आदि क्षेत्रों की जानकारी भी दी। व्याख्यान के दौरान छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए और उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.एस. कातुलकर, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. पंचारिया, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. तेजेंद्र सिंह शिव, सहायक प्राध्यापक डॉ. नालजी कुरैशी, ऋषभ भगत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए महाविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों को और सुदृढ़ किया गया।

विधायक अनुभा मुंजारे के प्रयास से तीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत

प्रत्येक भवन 11 .22 लाख की लागत से बनेगा

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के अथक प्रयास से विधानसभा क्षेत्र बालाघाट अंतर्गत तीन आंगनबाड़ी केंद्र के लिये भवन की स्वीकृति मिली हैं। तीनों भवन 11 लाख 22 हजार- 11 लाख 22 हजार रूपये की लागत से अर्थात 33 लाख 66 हजार रूपये की लागत से बनेगें। जानकारी के मुताबिक बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिये भवन व राशि स्वीकृत करने के लिये पत्र लिखा था। साथ ही मांग पत्र भी प्रेषित किया गया था। प्रदेश सरकार की महिला एंव बाल विकास विभाग की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से प्रत्यक्ष भेंट भी किया गया था। इसी के चलते बालाघाट विधानसभा को तीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। जिसमें ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत केन्द्र क्रमांक 04 और ग्राम पंचायत भरवेली के केंद्र क्रमांक 7 तथा ग्राम पंचायत बघोली के केन्द्र क्रमांक 03 में आंगनवाडी भवन की स्वीकृति प्रदाय की गई हैं। इन तीनों केंद्र के लिये प्रत्येक हेतु 11 लाख 22 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई हैं। इस संबंध में विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बालाघाट-लालबर्रा अंतर्गत विविध आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन नहीं होने की स्थिति में किराये के कमरे में या अन्य स्थान पर संचालित होने की जानकारी उनके संज्ञान में आयी थी। आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा था और उसमें बच्चें आ रहे थे। लेकिन स्वंय के भवन के अभाव में कई तरह की दिक्कतें इन केंद्रों को संचालित करने में हो रही थी। इसी के चलते उन्होने भवन विहीन या किराये के भवन में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के लिये भवन की मांग की गई थी। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन व उसके निर्माण के लिये राशि की मांग की गई थी। प्रदेश सरकार की महिला एंव बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से प्रत्यक्ष भेंट कर ज्ञापन सह मांग पत्र प्रेषित किया गया था। साथ ही भवन की आवश्यकता को लेकर मौखिक चर्चा कर स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया था। जिसके चलते बालाघाट विधानसभा में तीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हुये हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि बालाघाट विधानसभा को तीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। जिसमें ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत केन्द्र क्रमांक 04 और ग्राम पंचायत भरवेली के केंद्र क्रमांक 7 तथा ग्राम पंचायत बघोली के केन्द्र क्रमांक 03 में आंगनवाडी भवन की स्वीकृति प्रदाय की गई हैं। ये तीनों आंगनबाड़ी केंद्र अर्थात प्रत्येक केंद्र 11.22 लाख-11.22 लाख रूपये की लागत से बनेगें। जिसकी स्वीकृति मिलने से अब इन केंद्रों को नये भवन की सौगात मिलेगी। जहां पर हमारे मासूम नौनिहालों को नये भवन उपलब्ध होगा और वह केंद्र अब किराये का या भवन विहीन नहीं कहलायेगा। विधायक अनुभा मुंजारे ने तीनों भवन व राशि स्वीकृति होने के संबंध में कहा कि वह क्षेत्र के विकास को लेकर सतत प्रयासरत हैं। जिसके चलते उन्हें अपने क्षेत्र में विकास कार्यो व निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्राप्त हो रही हैं। जनता द्वारा किये गये भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने आंगनबाड़ी भवन व राशि स्वीकृत होने पर महिला बाल विकास मंत्री व प्रदेश सरकार के प्रति आभार

नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में अतिकुपोषित बच्चों की जांच कर उन्हें कुपोषण से मुक्त करने के लिए निरंतर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में 23 मार्च को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से लालबर्रा विकासखंड अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों में अतिकुपोषित (सैम एवं मेम) बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। सेक्टर मोहगांव ध में परियोजना अधिकारी श्रीमती रानू शिवहरे के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षक श्रीमती गीता पतले के निर्देशन में उप स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव ध में शिविर आयोजित हुआ। यहां सैम के 4 एवं मेम के 21 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयों जैसे अमॉक्सिसिलिन, मल्टीविटामिन, एलबेंडाजोल एवं आयरन सिरप का वितरण किया गया।

25 को युवा संगम रोजगार मेले का होगा आयोजन

नवभारत, बालाघाट। जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में 25 मार्च 2026 को 'युवा संगम रोजगार मेला एवं स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला' का आयोजन किया जाएगा। यह मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बालाघाट परिसर में आयोजित होगा।

रोजगार मेले का शुभारंभ प्रात: 11:00 बजे से होगा, जिसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस आयोजन में विभिन्न निजी कंपनियों, संस्थानों एवं उद्योगों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, साथ ही अप्रेंटिसशिप के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। मेले में शामिल होने के इच्छुक आवेदकों से अपील की गई है कि वे अपने समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं समग्र आईडी साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

यह मेला युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया जा सकेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी पात्र अभ्यर्थियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर आवंटन के लिए प्राथमिकता क्रम निर्धारित

नवभारत, बालाघाट। वर्तमान भू-राजनितिक स्थिति एवं भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मप्र भोपाल द्वारा कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों की वितरण व्यवस्था के लिए प्राथमिकता क्रम निर्धारित किया गया है। सभी जिलों में इसी क्रम के अनुसार कमर्सियल एलपीजी सिलेण्डर का आवंटन करने कहा गया है।

निर्धारित प्राथमिकता क्रम के अनुसार शैक्षणिक संस्थान एवं चिकित्सा संस्थानों (आवश्यकता का 100 प्रतिशत) को 30 प्रतिशत, आवश्यक सेवा

जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस, सुरक्षा पुलिस, जेल, सामाजिक न्याय एवं महिला बाल विकास व अन?य विभाग के संस्थान जहां वृद्ध महिला, बच्चे निवासरत है, रेलवे एवं दीनदयाल रसोई को 35 प्रतिशत, होटल को 09 प्रतिशत, रेस्टारेंट ट्रेडर्स को 09 प्रतिशत, ढाबा/स्ट्रीट फूड वेंडर्स को 07 प्रतिशत, उद्योग जैसे फार्मास्यूटिकल, फूड प्रोसेसिंग, पोल्ट्री फूड, सीड प्रोसेसिंग को 05 प्रतिशत एवं अन्य उद्योग को 05 प्रतिशत कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर का आवंटन किया जाएगा। कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों की आपूर्ति 05 किलो, 19 किलो, 47.5 किलो और 425 किलों के पैक्ड सिलेण्डरों में की जाएगी।

एलपीजी सिलेण्डर की जमाखोरी रोकने और समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक उपभोक्ता को आपूर्ति की जाने वाली दैनिक मात्रा संबंधित ओएमसी साफ्टवेयर सिस्टम में दर्ज पिछले तीन महिनों के दौरान औसत दैनिक खपत के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड में नीट, जेईई व सीयूईटी की नि :शुल्क कोचिंग शुरू

नवभारत, बालाघाट। जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड द्वारानीट, जेईई व सीयूईटी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग का संचालन प्रारंभ किया गया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों की कमी और महंगी कोचिंग फीस के कारण अपने लक्ष्य से पीछे रह जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जनजातीय कार्य विभाग के मार्गदर्शन में विद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर यह पहल शुरू की गई है।

सींदीपनि विद्यालय की इस कोचिंग में अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन शिक्षण, साप्ताहिक मॉक टेस्ट व नियमित अभ्यास , नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित अध्ययन सामग्री, ई-लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय की सुविधा तथा करियर काउंसलिंग व तनाव प्रबंधन सत्र की व्ययवस्था् की गई है। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए विशेष करियर काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व और तैयारी की रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

इस कोचिंग के लिए नीट, जेईई व सीयूईटी विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जो नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होकर अध्ययन कर रहे हैं। इस पहल के सफल संचालन में संस्था के प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में श्री योगेश वराडे, श्री नरेंद्र राहंगडाले, श्री गजेंद्र राहंगडाले, श्री कामेश्वर प्रसाद गोकुलपूरे, श्री टेकलाल बघेल एवं परामर्शदाता श्री सुजय पटवारी का विशेष योगदान रहा है। यह पहल जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभर रही है, जिससे वे बिना आर्थिक बोझ के देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने का सपना साकार कर सकेंगे।

जमीनी विवाद को लेकर परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पांच घायल

जबलपुर। गढ़ा अंतर्गत इंदिरा बस्ती में रविवार सुबह मकान और जमीन के मालिकाना हक को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें पिता पुत्र समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 66 वर्षीय राजेंद्र विश्वकर्मा पेशे से ड्राइवर हैं। सुबह करीब 7 बजे जब उनकी पत्नी प्रेमलता घर के बाहर बर्तन धो रही थीं, तभी उनकी बहू कविता विश्वकर्मा वहां आई और बिना वजह मारपीट शुरू कर दी। राजेंद्र जब बीच-बचाव करने पहुंचे, तो उनका बेटा तारकेश्वर विश्वकर्मा हाथ में डंडा लेकर आया और अपने ही पिता पर हमला कर दिया। इस हमले में राजेंद्र और उनकी पत्नी के हाथ-पैर व शरीर में चोटें आई हैं। जब छोटी बहू खुशबू बचाने आई, तो आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसे पीठ में चोट लगी है। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

वहीं, दूसरी ओर 42 वर्षीय तारकेश्वर विश्वकर्मा ने भी अपने पिता और भाई के खिलाफ काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तारकेश्वर का कहना है कि वह नजूल की भूमि पर मकान बनाकर रहता है, जिसका टैक्स उसकी पत्नी के नाम पर आता है। उसके पिता राजेंद्र और भाई जुगल किशोर अक्सर उसे मकान खाली करने के लिए प्रताड़ित करते हैं। तारकेश्वर के अनुसार सुबह इसी बात को लेकर उसके पिता और भाई ने मिलकर उसके और उसकी पत्नी पर डंडे व मुक्कों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें पैर और कमर में चोटें आई हैं।

भेड़ाघाट में दो पक्ष भिड़े

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम चौकीताल में शनिवार रात मामूली बात पर दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हो गई। पुलिस ने बताया कि कु. सुहानी चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लकी पटेल और राहुल पटेल ने उनके पिता के साथ अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से लकी पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजकुमार चौधरी शराब के नशे में उनके घर के सामने गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर सुहानी, चंदन और अन्य ने उनके घर आकर सीने और पीठ पर मुक्कों से हमला किया।

वारासिवनी नपा की करदाताओं से अपील, 31 तक जमा करें बकाया कर

नवभारत, बालाघाट। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए नगर पालिका वारासिवनी ने करदाताओं से 31 मार्च 2026 तक समस्त बकाया कर जमा करने की अपील की है।

नगर पालिका द्वारा जारी सूचना के अनुसार शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, भवन-भूमि किराया सहित अन्य बकाया करों की वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किए जा चुके हैं तथा वार्डों में मुनादी के माध्यम से भी लोगों को समय सीमा में भुगतान करने की जानकारी दी जा रही है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने स्पष्ट किया है कि सभी करदाता 31 मार्च 2026 से पूर्व अपने बकाया करों का भुगतान कर दें। निर्धारित समय सीमा के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया करों में दोगुनी वृद्धि की जाएगी।

इसके साथ ही बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से प्रकाशित किए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित करदाता की स्वयं होगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपने बकाया कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें।

खंडहर सरकारी क्वार्टर की दीवार गिरने से मलबे में दबे युवक की मौत

जबलपुर। बरगी नगर थाना अंतर्गत मनकेड़ी क्षेत्र में रविवार को सरकारी खंडहर आवास की दीवार गिरने से 40 वर्षीय एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब मृतक अपने रिश्तेदार के साथ वहां ईंटें लेने गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मनकेड़ी निवासी धनीराम झारिया (40) अपने बहनोई छोटेलाल के साथ ट्रैक्टर लेकर सिंचाई विभाग के पुराने क्वार्टरों के पास गया था। धनीराम वहां से ईंटें निकालकर ट्रैक्टर में लोड कर रहा था। तभी अचानक जर्जर हो चुकी दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। मलबे का वजन इतना अधिक था कि धनीराम को संभलने का मौका ही नहीं मिला और वह उसके नीचे पूरी तरह दब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और छानबीन करते हुए मर्ग कायम किया ।

बदमाश ने दो भाइयों को चाकू से गोदा

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत बहोराबाग इलाके में शनिवार रात चाय पीने जा रहे एक युवक से इलाके के ही एक बदमाश ने पार्टी के नाम पर रुपयों की मांग की। मना करने पर आरोपी ने युवक और उसके बड़े भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें लहुलूहान कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहोराबाग रोड निवासी 21 वर्षीय तौसिफ अंसारी पेशे से वेल्डिंग का काम करता है, शनिवार रात करीब 8:30 बजे घर से चाय पीने के लिए निकला था। जैसे ही वह डॉक्टर सेन वाली गली के पास पहुँचा, वहां पहले से मौजूद सोहेल अली ने उसे रोक लिया। सोहेल ने तौसिफ से पार्टी करने के लिए 500 रुपये मांगे। जब तौसिफ ने रुपये देने से इंकार किया, विवाद बढ़ते ही आरोपी सोहेल अली ने चाकू निकाला और तौसिफ पर हमला कर दिया, जिससे उसकी कमर के नीचे गंभीर चोट आई। छोटे भाई को बचाने के लिए बड़ा भाई चिन्टू उर्फ सैफुल इस्लाम मौके पर पहुँचा और बीच-बचाव की कोशिश की।

कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.) 481001

क्रं. एफ/आ.नि.सू./रा. शा./न.पा.प.बाला. /2026/15843 — बालाघाट, दिनांक:- 23/03/2026

तृतीय ई निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आंमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
2.	2026_UAD_483327_2	बस स्टेण्ड शुल्क वसूली (प्राईवेट बसो से वसूली)	दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक सरकारी बोली- 12,86,900=00	निविदा प्रपत्र 2000/- रु. एंव EMD -3,21,800-00	30/03/2026

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.)